दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 14 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 107

## महत्वपूर्ण एवं खास

### इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर फिर रॉकेट हमले, चार वायु सैनिक घायल

**बगदाद।** इराक के सलाहुद्दीन प्रांत में रविवार को सेना के बालद वायु सैनिक अड्डे को निशाना बनाकर किए गए रॉकेट हमले में कम से कम चार वायु सैनिक घायल हो गए। इससे पहले अमेरिकी सेना द्वारा इस सैन्य अड्डे का उपयोग किया जाता था, हालांकि इस हमले में किसी भी अमेरिकी सैनिक के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। बालद वायु सैनिक अड्डा राजधानी बगदाद से करीब 90 किलोमीटर दूर है। बालद इराक में सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है और यह अमेरिकी सेना में लॉजिस्टिक्स सपोर्ट एक्टिविटी (एलएसए) एनाकोंडा के नाम से विख्यात है। इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश पर तीन जनवरी को एक अभियान में बगदाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई के नजदीक एक ड्रोन हमला कर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कुर्द्स बल के प्रमुख कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी गयी थी। अमेरिका के मुताबिक सुलेमानी इराक और पश्चिम एशिया में अमेरिकी राजनयिकों और सैनिकों पर हमले करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने इराक में गठबंधन के ठिकानों पर पिछले कुछ महीनों में कई हमले किए थे, जिनमें 27 दिसंबर को हुआ हमला भी शामिल था। इस हमले में अमेरिकी और इराकी कर्मी हताहत हुए थे। जनरल सुलेमानी ने 31 दिसंबर को बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर हुए हमलों को भी मंजूरी दी थी। इसके जवाब में ईरान ने इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए थे। अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान में इराकी सेना की मदद के लिए पांच हजार से अधिक सैनिकों को इराक में तैनात किया हुआ है।

### हाथ में डंडा पकड़ी नकाबपोश युवती की हुई पहचान

» जेएनयू हिंसा

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की विशेष जांच टीम ने जेएनयू हिंसा के दौरान पॉपुलर हुई नकाबपोश लड़की की पहचान कर ली है। दिल्ली पुलिस ने इस लड़की की पहचान कोमल शर्मा के रूप में की है। कोमल शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा है। वो डीयू में सैकेंड इयर की स्टूडेंट है। अब पुलिस इस लड़की से पूछताछ करने के लिए उसकी तलाश कर रही है। जेएनयू के छात्र और शिक्षक आरोप लगाते रहे हैं कि यह लड़की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्य है, मगर एसआईटी अधिकारियों ने उसके राजनीतिक संबंध पर कमेंट करने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा, जेएनयू हिंसा की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सात और लोगों की पहचान की है। इन नए लोगों के साथ ही पुलिस अबतक 55 लोगों की पहचान कर चुकी है, जो जांच की जद मे हैं। इन्हें जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। जांच में जुटी टीम इससे पहले पक्ष रखने के लिए जेएनयू अध्यक्ष को बुला चुकी है, जिन्होंने पुलिस के सामने अपनी बात और शिकायत रखी थी।

### नाइजर में हुए आतंकी हमले में मरनेवाले सैनिकों की संख्या बढ़कर हुई 89

**नियामी।** पश्चिमी नाइजर में सेना के एक शिविर पर तीन दिन पहले हुए जिहादी हमले में मारे जाने वाले सैनिकों की संख्या बढ़कर 89 हो गई है। सरकार ने रविवार को इसकी जानकारी दी। सरकारी प्रवक्ता जकारिया अब्दुर्रहमान ने कहा, 'पूरी तलाशी के बाद मित्र पक्ष के 89 और दुश्मन पक्ष के 77 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। यह हमला पश्चिमी तिलाबेरी के चिनेगोदार क्षेत्र में हुआ जो बुर्किना फासो की सीमा से भी लगा है। घटना के बाद देश में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। अफ्रीकी देश नाइजर में एक सैन्य शिविर पर गुरुवार को हथियारों से लैस हमलावरों ने हमला कर दिया था तब 25 सैनिकों के मारे जाने की बात कही गई थी।

# सभी धर्मों के ऐसे मामलों को एकसाथ सुनेगी सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ

**नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ ने सबरीमाला विवाद पर सुनवाई के दौरान कहा कि इस्लाम, पारसी, दाउदी बोहरा समुदाय से जुड़े ऐसे सभी मामलों को अगली तारीख पर एकसाथ सुना जाएगा. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने कहा कि सभी वकील तय कर लें कि कौन किस मुद्दे पर कितनी देर दलील पेश करेगा।**

**» सबरीमाला विवाद**

इस पर त्रावणकोर देवास्वाम बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सबरीमाला मुद्दा बहुत अहम है. इसका फैसला सभी धर्मों को प्रभावित करेगा. कोर्ट को इस पर अलग से फैसला देना चाहिए. इस पर कोर्ट ने इनकार करते हुए कहा कि सभी मामलों को एकसाथ सुना जाएगा. पीठ में मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे के अलावा जस्टिस आर. भानुमति, अशोक भूषण, एल. नागेश्वर राव, मोहन एम. शांतनगौदर, एस. अब्दुल नजीर, आर. सुभाष रेड्डी, बीआर गवई और सूर्यकांत शामिल हैं.



सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल सभी वकीलों की बैठक कराएंगे. वकीलों की ये बैठक 17 जनवरी को होगी. बैठक में तय किया जाएगा कि कोर्ट में पेश किए जाने वाला मुद्दा तय किया जाएगा. उन्होंने कहा कि दाउदी बोहरा समुदाय, मुस्लिम महिलाओं के मस्जिदों और पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश के सभी मामलों को एकसाथ सुना जाएगा. इन सभी मामलों को एकसाथ सुनवाई के लिए लाया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने सभी वकीलों को सभी मुद्दों पर आपस में बातचीत के लिए 3 सप्ताह का समय दिया है. इस दौरान सीजेआई ने अयोध्या जमीन विवाद के मामले का उदाहरण दिया. उन्होंने कहा कि इस विवाद से जुड़े सभी मामलों के वकील खुद ही एकसाथ सुनवाई के लिए तैयार हो गए थे.

सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ ने 14 नवंबर, 2019 को केरल के सबरीमाला विवाद को लेकर दायर पुनर्विचार याचिका बहुमत से बड़ी बेंच को रेफर कर दी थी. साथ ही कहा था कि 9 जजों की संविधान पीठ का फैसला आने तक भगवान अय्यपा के मंदिर में महिलाओं का प्रवेश जारी रहेगा. पांच में दो जजों ने इसके खिलाफ निर्णय दिया था. आज 9 जजों की संविधान पीठ मामले की सुनवाई कर रही है. सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर, 2018 में दिए फैसले में सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी थी।

## सीएए पर अपने आलोचकों से बात नहीं करते मोदी:चिदंबरम



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर अपने आलोचकों से बात नहीं करते. पूर्व गृहमंत्री ने यह भी कहा कि मोदी को अपने कुछ प्रमुख आलोचकों के सवालों का जवाब देने चाहिए ताकि लोग इस कानून को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकें।

चिदंबरम ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री कहते हैं कि सीएए नागरिकता लेने के लिए नहीं, बल्कि देने के लिए है. बहुत लोगों का मानना है कि सीएए- एनपीआर और एनआरसी से जुड़ा हुआ है तथा यह बहुत लोगों को गैर नागरिक घोषित कर देगा और उनकी नागरिकता छीन लेगा। चिदंबरम ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री अपने आलोचकों से बात नहीं कर रहे हैं. आलोचकों के पास प्रधानमंत्री से बात करने का अवसर नहीं है. उन्होंने कहा कि पीएम के पास एकमात्र तरीका यह है कि वो अपने सबसे मुखर आलोचकों में से पांच का चयन करें और उनके साथ टेलीविज़न पर प्रश्न और उत्तर सत्र करें।

राजनीति में भी इस मुद्दे नें तूल पकड़ा हुआ है. चिदंबरम ने कहा कि लोगों को चर्चा को सुनने और सीएए पर अपने निष्कर्ष पर पहुंचनें दें. मुझे पूरी उम्मीद है कि पीएम इस सुझाव पर अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे. सीएए को लेकर देश में हर तरफ चर्चा हो रही है, कोई इसके सपोर्ट में है तो कोई इसके बिलकुल विपक्ष में।

## दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी दिल्ली में अगले 24 घंटे में ठंड एक बाद फिर से बढ़ सकती है, क्योंकि हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं. मौसम का पूर्वानुमान बताने वाली वेबसाइट स्काईमेट के अनुसार, दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तर और पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर अगले 24 घंटे में हल्की से मध्यम स्तर तक की बारिश हो सकती है. देश के उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने और बिहार, झारखंड के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री कम रहने का पूर्वानुमान है। स्काईमेट के अनुसार, हरियाणा और दिल्ली के मौसम में बदलाव के चलते पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं. बारिश के साथ-साथ इन स्थानों पर ओलावृष्टि होने का भी पूर्वानुमान है. इससे फसलों को नुकसान होने का अंदेशा है. इसके साथ ही साथ राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज और ओलावृष्टि के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है। स्काईमेट के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

## अफगानिस्तान से पेट में छिपाकर लाए 10 करोड़ की ड्रग्स,एयरपोर्ट पर दबोचे गए

**नईदिल्ली (आरएनएस)। मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अफगानिस्तान से ड्रग्स (हेरोइन) लेकर आए गिरोह के सात सदस्यों को धरदबोचा है।**

**» 10 दर्जन केले खिलाकर निकलवाई**




ये लोग ड्रग्स वाली कैपसूल पेट में छिपाकर लेकर आते थे। इसके बदले इन्हें लाख-लाख रुपए तक मिलते थे। लेकिन खुफिया जानकारी मिलने के बाद इस ग्रुप के 7 लोगों को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दबोच लिया गया है। इन सबके पेट में 20 से 40 कैपसूल थे। सातों के पेट से कुल 177 कैपसूल मिले हैं। बरामद ड्रग्स की कुल कीमत 10 करोड़ बताई जा रही है। दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। ये भारत में ही रहते थे, इन्हें रिसीव करते थे। इन सभी लोगों को मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पकड़ा है। शक होने पर इन्हें तलाशी के लिए रोक लिया गया। सामान से कुछ नहीं मिलने पर इनको स्कैनिंग और एक्स-रे के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट हैरान करनेवाली थी। इन सबके पेट में ड्रग्स वाली कैपसूल दिखाई दीं। इन्हें निकालने के लिए एनसीबी ने करीब 10 दर्जन केले खिलाए। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि शहद और एक स्पेशल तेल की सहायता से इन गोलियों को पेट में डाला गया था। ये लोग अफगानिस्तान से दिल्ली तक बिना कुछ खाये-पिये आए।

इनकी योजना थी कि सभी 177 कैपसूल्स होटल में जाकर निकाली जाएं। डॉक्टरों ने रहमतुल्लाह से 28 कैपसूल, फैज से 38, हबीबुल्लाह और वदूद दोनों से 15, अब्दुल हमीद से 18, फजल अहमद से 37 और नूरजई कबीर से 26 कैपसूल बरामद किए हैं।

## शाह ने तड़के 3 बजे तक की कोर समिति की बैठक



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक महीने से भी कम समय बचा है और इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार-सोमवार की रात तड़के तीन बजे तक कोर समूह की बैठक की। दिल्ली चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर निर्णय लेने के लिए उन्होंने पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) को भी सोमवार शाम बैठक के लिए बुलाया है। सोमवार को पार्टी की सर्वोच्च निर्णायक इकाई सीईसी की बैठक दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय पर शाम छह बजे हो सकती है और इसमें खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ शाह और कार्यकारी अध्यक्ष नड्डा शामिल हो सकते हैं।

रातभर चली बैठक में दिल्ली की प्रत्येक सीट पर संभावित उम्मीदवारों के नाम पर प्रतिक्रियाएं ली गई, जिसके बाद सोमवार को सीईसी की बैठक में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी। यह बैठक शाह के आवास पर हुई, जिसमें नड्डा, महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष, भाजपा के दिल्ली प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी व अन्य लोग शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि पार्टी ने प्रत्येक विधानसभा सीट पर कई सर्वेक्षण किए हैं।

## भारत रवाना होने से पहले हर्षवर्धन श्रृंगला ने ट्रंप से की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने स्वदेश लौटने से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से ओवल हाउस में मुलाकात की। श्रृंगला ने भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। ऐसा शायद पहली बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने निवर्तमान भारतीय राजदूत से मुलाकात की। विशेषज्ञों का कहना है कि यह इस बात को दर्शाता है कि ट्रंप भारत और अमेरिका के संबंधों को कितना महत्व देते हैं। वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास ने रविवार को ट्वीट किया, 'भारत के विदेश सचिव के तौर पर कार्यभार संभालने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले राजदूत हर्ष श्रृंगला ने वाइट हाउस के ओवल हाउस में ट्रंप से मुलाकात की। भारत और अमेरिका के कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने में उनके सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया।' श्रृंगला (57) भारत के 33वें विदेश सचिव के तौर पर नई जिम्मेदारी संभालने के लिए रविवार को वॉशिंगटन से रवाना हो गए। वह 29 जनवरी को अपना कार्यभार संभालेंगे।



डलास अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दुबई जाने वाले अमीरात विमान में सवार होने से पहले श्रृंगला ने ट्वीट किया था, 'अंतिम अलविदा।' उन्होंने साथ ही एक तस्वीर भी साझा कि थी, जिसमें वह उनके आधिकारिक आवास इंडिया हाउस के लॉन में खड़े नजर आ रहे थे। अमेरिका में भारत के उप राजदूत अमित कुमार ने ट्वीट किया, 'महत्वूपर्ण पद संभालने के लिए नई दिल्ली जाने वाले राजदूत श्रृंगला को शुभ यात्रा और शुभकामनाएं।

## दिल्ली आने वाली 15 ट्रेनें 2 से 5 घंटे लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वाली 15 ट्रेनें आज 2 से 5 घंटे की देरी से आ रही हैं। रेलवे के मुताबिक, ज्यादातर ट्रेन लंबी दूरी की है। हैदराबाद-नई दिल्ली तेलगांना एक्सप्रेस सबसे ज्यादा देरी से दिल्ली आ रही है, यह ट्रेन पांच घंटे की देरी से पहुंच रही है। मालदा-नई दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस 2 घंटे, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 3 घंटे, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 3 घंटे 20 मिनट, रीवा-आनन्द विहार एक्सप्रेस 4 घंटे 15 मिनट, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, चेन्नई-निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, सहरसा-अमृतसर गरीब रथ 2 घंटे 30 मिनट और फैजाबाद दिल्ली फैजाबाद एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट की देरी से दिल्ली पहुंच रही हैं।

## बांग्लादेश में हज के बाद इज्तेमा आयोजन में पहुंची लाखों की भीड़

**ढाका।** हज यात्रियों का विश्व सम्मेलन यानी इज्तेमा एक वार्षिक आयोजन है। ढाका के बाहरी इलाके टोंगी में तुरंग नदी के किनारे लाखों श्रद्धालु इस धार्मिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जुटे।

हज से लौट मुस्लिम समुदाय के लोगों का यह दूसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। ढाका से कुछ दूर 10 से 12 जनवरी तक चले सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाखों की संख्या में दुनियाभर से लोग जुटे। भीड़ का आलम यह था कि ट्रेन की छतों पर लटककर लोग पहुंचे। हज यात्रियों का विश्व सम्मेलन यानी इज्तेमा एक वार्षिक आयोजन है। यह धार्मिक सम्मेलन होता है जिसमें धार्मिक पक्षों पर ही चर्चा की चर्चा की जाती है।

इसमें दुनियाभर में हज से लौटे मुसलमान हिस्सा लेते हैं। विश्व इज्तेमा बांग्लादेश में आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह 1967 से ढाका के बाहरी इलाके में 160 एकड़ के मैदान में आयोजित किया जाता है।

# हाईकोर्ट ने दिया एप्पल, वॉट्सएप और गूगल को नोटिस

» जेएनयू हिंसा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में हुई हिंसा के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अब एप्पल, वॉट्सएप और गूगल को नोटिस जारी किया है. हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर 5 जनवरी को जेएनयू कैंपस में हुई हिंसा से संबंधित प्रासंगिक डेटा को संरक्षित करने के लिए कहा है. अब मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी. गौरतलब है कि जेएनयू के तीन शिक्षकों ने यह डेटा संरक्षित करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट जेएनयू के तीन प्रोफेसरों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था. इस याचिका में जनवरी 5 को हुई हिंसा से संबंधित सभी वीडियोज को संरक्षित करने की मांग की गई थी. इसे साथ ही दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में बताया कि हिंसा के सीसीटीवी फुटेज के लिए विश्वविद्यालय को पहले ही कहा जा चुका है लेकिन उनका अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। हाईकोर्ट ने एप्पल कंपनी और वॉट्सएप से कहा है कि लोगों के बीच हुई चैट के जरिए बातचीत को भी संरक्षित रखा जाए. इससे हिंसा से संबंधित अहम सुराग मिल सकते हैं. साथ ही वीडियोज और अन्य रिकॉर्डिंग को भी संरक्षित करने के आदेश दिए गए हैं।




गौरतलब है कि 5 जनवरी को जेएनयू कैंपस में भड़की हिंसा में कई छात्र घायल हो गए थे. इस वारदात के बाद से ही देश भर में विरोध प्रदर्शनों का दौर शुरू हो गया है. इस हिंसा के बाद मामला क्राइम ब्रांच के पास जांच के लिए पहुंचा और इसके लिए एसआईटी का गठन किया गया. अब एसआईटी इस मामले में आरोपी छात्रों से पूछताछ शुरू करने जा रही है।

वहीं अब हिंसा की जांच को लेकर क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने जेएनयू कैंपस में ही अपना जांच के लिए दफ्तर बना दिया है. अब एसआईटी इस मामले में यहीं सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी. गौरतलब है कि हिंसा के संबंध में इससे पहले एसआईटी ने 9 छात्रों का फोटो जारी कर उन पर हिंसा का आरोप लगा कर पूछताछ के लिए तलब करने की बात कही थी।